पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 अक्टूबर, 2023



# मनरेगा बकाया पर टीएमसी का प्रदर्शन

## ● गांधी जयंती पर अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पश्चिम बंगाल के 15,000 करोड़ रुपये बकाया राशि जारी करने की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजधानी के राजघाट पर धरना-प्रदर्शन कर सरकार को घेरा।

राजघाट पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में पहुंचे टीएमसी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ पश्चिम बंगाल से पार्टी के सांसद, राज्य के विधायक एवं मंत्रियों सहित सैकड़ों पुरुष और महिलाएं थीं।

बनर्जी काले रंग की एक तख्ती लिए हुए थे जिस पर लिखा था, केंद्र बंगाल के लिए निधि जारी करो। बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के 15,000 करोड़ रुपये बकाया हैं। टीएमसी के प्रवक्ता और पार्टी की प्रदेश कमेटी के सदस्य बिश्वजीत देव ने केंद्र पर मनरेगा को नष्ट करने का आरोप लगाया और कहा कि यह महात्मा गांधी का अपमान है, जिनके नाम पर इस योजना का नाम रखा गया। उन्होंने कहा, क्या यह लोकतंत्र है, केंद्र राजनीतिक फायदे के लिए योजनाओं का इस्तेमाल कर रहा है।

देव ने कहा, यह गरीबों और महात्मा गांधी का अपमान है, जिनके नाम पर मनरेगा का नामकरण किया गया। कूचबिहार की टीएमसी नेता चैती बर्मन बरुआ ने कहा कि वे दिल्ली आए हैं ताकि उनकी आवाज सुनी जा सके। उन्होंने कहा, लोग कष्ट झेल रहे हैं और केंद्र सरकार ने मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया है। हम यहां अपनी आवाज उठाने आए हैं। बंगाल के पुरुलिया से आए जॉय बनर्जी नाम के व्यक्ति ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेताओं का जिन रेलगाड़ियों और उड़ानों से दिल्ली आने का कार्यक्रम था उन्हें रद्द कर दिया गया।

मुख्यमंत्री एवं टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी का नई दिल्ली में कार्यक्रम में शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन वह नहीं आ सकीं क्योंकि स्पेन और दुबई की उनकी हालिया यात्रा के दौरान उनके बाएं घुटने में चोट लगने की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें 10 दिन आराम करने सलाह दी है।


राजघाट पर अपने समर्थकों के साथ टीएमसी के नेता अभिषेक। फोटो: रंजन डिमरी

### तृणमूल कांग्रेस का प्रदर्शन नाटक-सर्कस जैसा : भाजपा

*भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल के लिए कुछ योजनाओं के तहत केंद्रीय कोष जारी करने की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस के प्रदर्शन को सोमवार को सर्कस और नाटक करार दिया और राज्य सरकार पर धन की चोरी करने और कई बार याद दिलाने के बावजूद सुधारात्मक कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार और सांसद लॉकेट चटर्जी सहित अपने राज्य के नेताओं को भी मैदान में उतारा। इन नेताओं ने पार्टी मुख्यालय में सोमवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला बोला। मजूमदार ने अभिषेक बनर्जी के इस आरोप का जिक्र किया कि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पार्टी के विरोध प्रदर्शनों को बाधित करने की कोशिश कर रही है। मजूमदार ने कहा कि अभिषेक बनर्जी यहां जो कर रहे हैं, वह नाटक के अलावा कुछ नहीं है। लॉकेट चटर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में सर्कस कर रही है जबकि पश्चिम बंगाल में उसकी सरकार भ्रष्टाचार में लगी हुई है।*

*मजूमदार ने दावा किया कि चूंकि अभिषेक बनर्जी हिंसा और धमकी की राजनीतिक संस्कृति में पले-बढ़े हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि पूरे देश में भी यही होता है।*

*भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत भुगतान रोक दिया है क्योंकि पहले जो धन भेजा गया था उन्हें उन कामों में लगाया गया जो अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थे। मजूमदार ने कहा कि एक केंद्रीय जांच में अनियमितताएं पाई गईं ।*

### योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण रोकी गई धनराशि : गिरिराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोष जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन करने पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि बंगाल में केंद्रीय कोष के इस्तेमाल में भ्रष्टाचार के बारे में कई बार याद दिलाने के बावजूद सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने बंगाल में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत काम के कार्यान्वयन को लेकर केंद्र की चिंताओं को सूचीबद्ध करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली बंगाल सरकार पर अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, क्या यह सच नहीं है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को बार-बार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की याद दिलाई है लेकिन वह कभी संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी, क्या यह सच नहीं है कि राज्य भ्रष्ट अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ कार्वाई करने में हमेशा विफल रहा है। संप्रग सरकार के दौरान पश्चिम बंगाल को जहां सिर्फ 58 हजार करोड़ मिले, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बंगाल को दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई।

## महामानव को नमन


राजघाट पर 20वीं सदी के महामानव महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु


गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


राजघाट पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना

# सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को बेहतर करेगा 'पीएमयू' : एलजी

## ● उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने व्यापक परियोजना प्रबंधन इकाई गठित करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को व्यापक परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) गठित करने का निर्देश दिया है। यह इकाई मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में काम करेगी। एमएमआई के तहत मेट्रो, बस सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के साथ अंतिम छोर तक संपर्क सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता वाले पीएमयू में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीएमआरसी, डीडीए और ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। यह इकाई सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक एजेंसी व विभाग बिना किसी गड़बड़ी के अपनी भूमिका निभाएं। पीएमयू यह सुनिश्चित करेगा कि एमएमआई योजनाएं प्रभावी हों और लक्ष्य को हासिल करें। बता दें कि राजधानी में



एक जगह से मेट्रो, बस, कैब सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजना विकसित की जाएगी। परिवहन आयुक्त इसे लेकर काम करेंगे। एलजी ने समन्वय और सहयोग की कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे दूर करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी के तहत पीएमयू का गठन करने का निर्देश दिया।

दिल्ली मेट्रो स्टेशनों के साथ सार्वजनिक परिवहन के अन्य परिसरों पर बेहतर सुविधा देने के लिए आयुक्त परिवहन को योजना बनाने का काम सौंपा गया है। आयुक्त मेट्रो स्टेशनों के साथ अन्य जगहों पर भी बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में काम करेंगे, जिससे सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर हो। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए यूटीटीआईपीईसी की हालिया बैठक में यह बात सामने आई कि मेट्रो स्टेशनों के लिए शोध के बाद तैयार योजनाओं को सही से लागू करने की दिशा में काम किया जा रहा है, लेकिन मेट्रो के अलावा अन्य हितधारक एजेंसियां सही से काम नहीं कर रहीं। उनकी प्रभावशीलता सीमित होने के कारण सेवाएं प्रभावी नहीं होने पर एलजी ने नाराजगी जाहिर की। बैठक में तीस हजारी, रिठाला और सीलमपुर मेट्रो स्टेशनों के लिए एमएमआई योजनाओं पर चर्चा के बाद इन्हें मंजूरी दी गई।

वहीं इस साल मार्च में हुई बैठक में यूटीटीआईपीईसी ने शादीपुर, मयूर विहार और पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशनों के लिए एमएमआई योजनाओं को मंजूरी दी। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रमुख सार्वजनिक परिवहन केंद्र के रूप में विकसित होने वाले विभिन्न मेट्रो स्टेशनों के मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन योजनाओं में इंटरकनेक्टेड स्ट्रीट नेटवर्क, स्ट्रीट डिजाइन, सिग्नलयुक्त और ग्रेड से अलग सड़क क्रॉसिंग, मॉडल इंटरचेंज और पार्किंग की सुविधा विकसित हो रही है।

लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए साइकिल, बस, ऑटो रिक्शा और कैब व अन्य की सुविधा भी विकसित की जा रही है। इसके अलावा सड़क पर पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, हॉकर जोन, साइनेज और सड़क मानचित्र और सार्वजनिक परिवहन को भी बेहतर बनाया जा रहा है।

# कांस्टेबल हत्याकांडः आरोपी पुलिस वाले को मिले कड़ी सजाः मां

## ● परिवार को झूठे आश्वसान देता रहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल को दहला देने वाले महिला कांस्टेबल हत्याकांड मामले में पीड़िता की मां ने हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। ज्ञात रहे कि दो साल पहले महिला कांस्टेबल की हत्या पूर्व सहकर्मी ने कर दी थी।

पीड़िता की मां को आरोपी धोखा देकर यह विश्वास दिला रहे थे कि वह जीवित है। पुलिस ने रविवार को कहा कि महिला की हत्या के आरोप में दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल, उसके बहनोई और एक अन्य साथी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि


मृतका का फाइल फोटो और आरोपी सुरेंद्र

तीनों ने झूठे सुराग देकर पीड़िता के परिवार को यह विश्वास दिलाने में भी धोखा दिया कि वह जीवित है। पीड़िता की मां ने बुलंदशहर से फोन पर कहा मैं अपनी बेटी के बारे में जानने के लिए दर-दर भटक रही थी। उन्होंने कहा, मेरी छोटी बेटी ने कुछ महीने पहले दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मिलने का फैसला किया। उन्होंने हमारी समस्या को समझा और उचित जांच का आश्वासन दिया। पुलिस ने अब आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। हम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं। सुरेंद्र सिंह (42) पीड़िता से शादी करने के लिए उसका पीछा कर रहा था और जब उसने उसकी मांगें मानने से इनकार कर दिया, तो उसने पहले उसका गला घोंट दिया और बाद में शव को पुश्ता इलाके के पास एक नाले के पास दफना दिया। पुलिस ने कहा था कि उसके बहनोई रविन (26) और राजपाल (33) ने अपराध को छिपाने में उसकी मदद की थी।

पुलिस ने पीड़िता के कंकाल के अवशेष बरामद किए हैं और उन्हें डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए भेजा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे महिला के हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद पर चयन होने के बाद पीड़िता ने दिल्ली पुलिस से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच वह मुखर्जी नगर इलाके में रह कर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी।

### महरौली में महिला सिपाही ने फांसी लगाकर जान दी

***नई दिल्ली।*** *महरौली इलाके में 26 वर्षीय एक महिला कांस्टेबल ने अपने किराए के घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस को सोमवार सुबह इस घटना की सूचना मिली। पुलिस ने कहा, मिजोरम से आने वाली कांस्टेबल किशनगढ़ पुलिस थाने में तैनात थी और उसने महरौली में अपने किराए के घर पर आत्महत्या कर ली। उसने फांसी लगाकर अपनी जान ले ली।*

# दिल्ली सरकार का ग्रीन वॉर रूम आज से 24 घंटे करेगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की निगरानी और शिकायतों के निवारण के लिए दिल्ली सरकार के नियंत्रण केंद्र के रूप में संचालित ग्रीन वॉर रूम तीन अक्टूबर से चौबीस घंटे काम करना शुरू कर देगा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ग्रीन वॉर रूम की शुरुआत 2020 में हुई थी और इसमें अत्याधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण मौजूद हैं। इसमें वैज्ञानिकों तथा डेटा विश्लेषकों समेत विशेषज्ञों का दल काम करता है। एक अधिकारी ने बताया, ग्रीन वॉर रूम यूं तो साल भर संचालित होता है,




लेकिन मंगलवार से यह हर रोज 24 घंटे काम करना शुरू कर देगा। दिल्ली सरकार ने आगामी सर्दी के मौसम के दौरान दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के लिए शुक्रवार को 15-सूत्री कार्ययोजना जारी की थी।

# गोविंदपुरी में युवक की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

## ● आरोपी पर पहले से हत्या के प्रयास, डकैती समेत छह मामले हैं दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गोविंदपुरी में युवक की चाकू से हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोविंदपुरी निवासी अनुराग पालीवाल उर्फ निक्की (30) के रूप में हुई है।

पुलिस ने कहा कि आरोपी कालकाजी चौराहे के पास एक अस्थायी चाय की दुकान चलाता था और पहले से ही हत्या के प्रयास, डकैती और शस्त्र अधिनियम समेत छह मामले दर्ज हैं। पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति को चाकू से गोद दिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद बताया गया कि घायल आकाश को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अधिकारी ने कहा, पुलिस ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया, जिसने दावा किया कि चार लोगों ने आकाश पर कई बार चाकुओं से हमला किया और मौके से भाग गए।

जांच के दौरान आरोपी पालीवाल को गोविंदपुरी स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने कहा कि उसके फरार साथियों को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस को पालीवाल ने बताया कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। उसने उन्हीं लोगों को आकाश के साथ दो-तीन बार देखा था। इसके बाद वह बदला लेने के लिए मौके का इंतजार कर रहा था। वह रविवार को अपने दोस्तों के साथ था, तभी उन्होंने अग्रसेन मार्ग पर आकाश को देखा। उन्होंने उनसे उन लोगों के बारे में पूछा जिन्होंने पालीवाल को पीटा था। पुलिस ने बताया कि जब आकाश ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया, तो भागने से पहले उन्होंने उस पर कई बार चाकू से वार किया।

# सिनेमा की ऐतिहासिक यादों का साक्षी है रोशनआरा क्लब

## ● पट्टा विवाद में फंसे एक सदी पुराने क्लब से है भारतीय क्रिकेट का विशेष नाता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी का एक सदी पुराना ऐतिहासिक रोशनआरा क्लब विश्व सिनेमा और भारतीय क्रिक्रेट की ऐतिहासिक यादों का साक्षी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर बनी रिचर्ड एटनबरो की चर्चित 1982 में बनी फिल्म 'गांधी' में रोशनआरा क्लब में क्रिकेट का दृश्य फिल्माया गया था। कई ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली गांधी फिल्म का जादू 40 साल के बाद भी दर्शकों में बरकरार है। एटनबरो ने गांधी फिल्म का दिल्ली के रोशनआरा क्लब में, एक क्रिकेट मैच का दृश्य फिल्माया गया था, इसके हरे-भरे मैदान और




ब्रिटिश-युग के मंडप ने फिल्म के इस दृश्य को और अधिक प्रामाणिक और सजीव बना दिया था। इसके अलावा फिल्म में राजधानी में गांधी की हत्या और अंतिम संस्कार मार्च सहित प्रमुख घटनाओं के फिल्मांकन के लिए यथासंभव मूल स्थानों, जैसे बिड़ला हाउस, राष्ट्रपति भवन (पहले वायसराय हाउस) और राजपथ (अब कर्तव्य पथ) का उपयोग किया था। रोशनआरा क्लब में फिल्म के इस दृश्य में, क्रिकेट मैच को एक कार के आगमन से बाधित होते देखा जा सकता है, जिसमें दो पुलिसकर्मी सवार थे और उनमें से एक क्लब के मेहमानों को मोतिहारी में कुछ गड़बड़ी के बारे में सूचित करता है।

### डीडीए ने 29 सितंबर 2023 को किया सील

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत 29 सितंबर को इस प्रसिद्ध क्लब को सील कर दिया गया। इसके साथ ही डीडीए ने इस विशाल संपत्ति को अपने कब्जे में भी ले लिया।

डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यह कार्रवाई 29 सितंबर को तड़के की गई और डीडीए द्वारा क्लब को खाली करने का नोटिस दिए जाने के लगभग छह महीने बाद की गई। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पट्टा संबंधी मामले को लेकर हुई है।

डीडीए ने 29 सितंबर को एक बयान में कहा कि रोशनआरा क्लब लिमिटेड को ब्रिटिश काल के दौरान काउंसिल में भारत के राज्य सचिव द्वारा 30 वर्षों के लिए वार्षिक किराए के आधार पर दो प्रीमियम मुक्त पट्टे दिए गए थे, जिसे 30-30 वर्षों की दो और अवधियों के लिए, यानी अधिकतम 90 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता था।

डीडीए ने कहा, पहला पट्टा 01.09.1922 को शुरू हुआ जबकि दूसरा 01.01.1928 को शुरू हुआ। क्लब को पट्टे पर दिया गया कुल क्षेत्रफल 23.29 एकड़ था। लीज डीड में 90 वर्ष से अधिक नवीनीकरण या विस्तार का कोई प्रावधान नहीं था। इस प्रकार, दोनों पट्टे क्रमशः 31.08.2012 और 31.12.2017 को समाप्त हो गए थे।

### 15 अगस्त 1922 में स्थापना

उत्तरी दिल्ली में इस ऐतिहासिक रोशनआरा क्लब की स्थापना 15 अगस्त, 1922 को हुई थी और और पिछले साल इसकी स्थापना के 100 साल पूरे हुए। प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे चरागाहों और औपनिवेशिक युग के आकर्षण से संपन्न, उत्तरी दिल्ली में स्थित रोशनआरा क्लब, देश के सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक बनकर उभरा है। करीब 22 एकड़ में फैला यह क्लब भारत के प्रमुख क्लबों में से एक है।

### पट्टे की अवधि बढ़ाने की अपील

रोशनआरा क्लब के महासचिव और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने अधिकारियों से क्लब की ऐतिहासिकता को देखते हुए पट्टे की अवधि बढ़ाने की अपील की है। प्रसिद्ध क्रिकेटर यहां के मैदान में उतरे राजन मनचंदा ने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्लब है, जहां लाला अमरनाथ, नवाब पटौदी, बिशन सिंह बेदी और यहां तक कि कई मौजूदा खिलाड़ियों जैसे क्रिकेट दिग्गज मैदान में उतरे हैं। इसने कई अंतरराष्ट्रीय मैचों और रणजी ट्रॉफी मैचों की मेजबानी भी की है।

# देश-विरोधी नारों की घटनाओं को जांच समिति गठित करेगा जेएनयू

## ● विश्वविद्यालय परिसर में बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर प्रशासन ने लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन, परिसर में बार-बार लगने वाले देश-विरोधी नारों की घटनाओं की जांच के लिए जल्द ही एक समिति गठित करेगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी।

स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज की इमारत की दीवार पर लिखे 'भारत के कब्जे वाला कश्मीर', 'फ्री कश्मीर' और 'भगवा जलेगा' जैसे नारों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के एक दिन बाद यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन की ओर से दीवारों का रंग-रोगन अब करा दिया गया है। जेएनयू के रेक्टर सतीश चंद्र गारकोटी ने बताया, हम अपने मुख्य सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और सुझावों के आधार पर इस मुद्दे से निपटने के लिए कदम उठाए जाएंगे। गारकोटी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में बार-बार होने वाले राष्ट्र-विरोधी नारों की घटनाओं की जांच करने के लिए एक समिति गठित करने की योजना बनाई है। पिछले साल दिसंबर में, विश्वविद्यालय की दीवारों पर जातिवादी गालियां लिखी गई थी।

